**खबर संक्षेप**

## अपेक्षा बाजपेई विशेष योग्यता के साथ प्रथम स्थान में



भुआबिछिया। विगत दिवस घोषित किए गए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के कक्षा 10 के वार्षिक परीक्षा परिणाम में शासकीय हाई स्कूल माँझीपुर में पदस्थ शिक्षक अशोक बाजपेयी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधोपुर में पदस्थ शिक्षिका साधना बाजपेयी की सुपुत्री अपेक्षा बाजपेयी जो कि ब्रेन चाइल्ड एकेडमी मंडला में अध्ययनरत है ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कक्षा 10 की परीक्षा में 500 में से 454 अंक तथा सभी विषयों में विशेष योग्यता अर्जित कर सफलता प्राप्त की है। कुमारी अपेक्षा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों व मार्गदर्शकों को देते हुए कहा कि उन्होंने कक्षा 10 की परीक्षा की तैयारी सत्र के प्रारंभ से ही कर दी थी। लगभग 12 घण्टों का अध्ययन करने के बाद यह सफलता प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि J.E.E. का लक्ष्य लेकर वो अपनी आगे की पढ़ाई करना चाहतीं हैं। विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं शुभचिंतकों ने इस सफलता पर बधाइयाँ एवं उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### बड़े भाई ने हत्या कर शव सेप्टिक टैंक छिपाया, नवजात बच्ची को पैरा में दबाया

# मानवता को शर्मसार करती घटनायें

*** युवक को 9 टुकड़ों में काटा, कपड़े में लिपटे मिले शरीर के अंग।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

*आज के इस भौतिक युग में न तो संबंधों की कोई अहमियत रह गई है और न ही मानवता की भावना कोई मायने रखती है। तभी तो एक बड़ा भाई जिसे बाप के समान दर्जा दिया जाता है वह यदि हत्यारा बनकर छोटे भाई के नौ टुकड़े कर डाले और उसे घर के सेप्टिक टेंक में छुपा दे तो इससे वीभत्स घटना और क्या होगी। दूसरी ओर अपने कलेजे के टुकड़े को जो कि अभी-अभी इस जहान में आया था उसे धान के पैरे के अंदर दबा देना कहां की मानवता और कहां की ममता है।*



### बड़ा भाई ही बना हत्यारा

दिनांक 17/04/2026 को फरियादी मुन्ना लाल साहू निवासी करियागांव द्वारा सूचना दी गई कि उसका पुत्र आशीष दिनांक 11/04/2026 से लापता है, जिसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। संदेह के आधार पर घर की जांच करने पर बिछौना आदि सामग्री गायब मिली। उसी दिन घर के सेप्टिक टैंक से दुर्गंध आने पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर निरीक्षण के दौरान टैंक में नवीन सीमेंट की परत हटाने पर शव के कई टुकड़े बरामद हुए, जिनकी पहचान आशीष के रूप में हुई।

बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। संदेह के आधार पर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसने अपराध स्वीकार किया। आरोपी से घटना में प्रयुक्त हथियार जप्त कर एफएसएल टीम द्वारा वैज्ञानिक साक्ष्य संकलित किए गए। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

पूरे मामले का खुलासा तब हुआ, जब घर के सेप्टिक टैंक से तेज बदबू आने लगी। पिता मुन्नालाल साहू ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने टैंक खुलवाया तो अंदर कपड़े में लिपटे शव के कई हिस्से मिले। हालात देखकर मौके पर मौजूद लोग सन्न रह गए। बाद में परिजनों ने कपड़ों और अन्य पहचान के आधार पर शव की पहचान आशीष साहू के रूप में की।

### 11 अप्रैल से लापता था युवक

आशीष 11 अप्रैल से घर से गायब था। शुरुआती दिनों में परिवार ने अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद 15 अप्रैल को अंजनिया चौकी में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। इसके बावजूद उसकी कोई जानकारी सामने नहीं आई।

### हत्या के बाद शव छिपाने की आशंका

घटना की सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी शिवकुमार वर्मा मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस को आशंका है कि हत्या कहीं और कर शव के टुकड़े किए गए और पहचान छिपाने के लिए उन्हें सेप्टिक टैंक में डाल दिया गया।




### नवजात बच्ची पेरा में ढंकी मिली

मंडला जिले के नैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पाला सुंदर के बरगांव में एक नवजात बच्ची पेरा (धान का भूसा) में ढकी हुई मिली। स्थानीय लोगों ने बच्ची को देखा और तत्काल पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी।

बच्ची की नाजुक हालत को देखते हुए ग्रामीणों ने एम्बुलेंस का इंतजार नहीं किया। उन्होंने मानवता दिखाते हुए बच्ची को मोटरसाइकिल से सिविल अस्पताल नैनपुर पहुंचाया। इस कार्य में अनिल झरिया, शेख अकिल, ग्राम कोटवार छवि और पटवारी अमित ने सहयोग किया। रास्ते में एम्बुलेंस मिलने पर बच्ची को उसमें स्थानांतरित कर अस्पताल ले जाया गया।

इलाज के दौरान बच्ची की मौत

सिविल अस्पताल नैनपुर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जेपी चिचाम ने बताया कि बच्ची को अत्यंत गंभीर अवस्था में लाया गया था। उसकी पल्स और ब्लड प्रेशर नहीं मिल रहा था। प्रारंभिक जांच में पता चला कि बच्ची का जन्म समय से पहले हुआ था, जिसके कारण उसका वजन काफी कम था। खुले में पड़े रहने के कारण उसे हाइपोथर्मिया और हाइपोग्लाइसीमिया जैसी स्वास्थ्य समस्याएं हो गई थीं।

डॉक्टरों की टीम ने लगभग आधे घंटे तक सभी आवश्यक आपातकालीन उपचार दिए, लेकिन बच्ची को बचाया नहीं जा सका और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलने पर नैनपुर थाना प्रभारी बलदेव मुजाल्दा और नायब तहसीलदार संदीप मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और नवजात बच्ची का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## जांच के नाम पर क्या उपयंत्री को बचाने का हो रहा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




जिले की मुख्य निर्माण एजेंसियों पर लगातार नियमों की अनदेखी एवं गुणवत्ता के साथ समझौते के आरोप लग रहे हैं हाल ही में लोक निर्माण विभाग के एक उपयंत्री का मामला बहुत ज्यादा चर्चा में है पीडब्ल्यूडी के ये उपयंत्री विशाल उइके एवं कार्यपालन यंत्री पर ठेकेदारों को अनैतिक लाभ पहुंचाने के आरोप लगाये गये हैं और यह आरोप विभाग के अधिकारियों ने ही लगाये हैं इनका कहना है कि सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने के पूर्व ही माप पुस्तिका को भरा जा चुका था जबकि क्षेत्रीय अधिकारी के उसमें हस्ताक्षर भी नहीं थे क्या यह पूरी प्रक्रिया न्यायसंगत थी यदि नहीं तो फिर इसे क्यों व्यवहार में लाया गया। पहले कार्य पूर्ण हो जाता उसके बाद उसकी गुणवत्ता जांची जाती और फिर क्षेत्रीय अधिकारी को विश्वास में लेकर तकनीकि पक्षों को देखते हुये माप पुस्तिका भरी जाती लेकिन कमरे के अंदर बैठकर ठेकेदार की मर्जी के अनुसार एमबी का भरा जाना न केवल नियम विरूद्ध है बल्कि शासन के साथ अन्याय करना भी है।

सरकार का हमेंशा से कहना रहा है कि कोई भी निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन न हो और कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वालों को छोड़ा भी न जाये लेकिन जिस तरह से नियमों की अनदेखी कर माप पुस्तिका भरी गई और ठेकेदारों को लाभ पहुंचाया गया इस कार्य के दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही के वजाय उन्हें पुरूस्कृत किया गया यह क्या प्रदर्शित करता है।

तकनीकि अधिकारियों का काम ही है कि निर्माण कार्यो को प्रत्येक चरण में जांचा जाये, स्टीमेट के अनुसार काम हुआ तो उसका मूल्यांकन किया जाये और कार्य पूर्ण होने के पश्चात ही एमबी भरी जाये लेकिन जब ऐसा नहीं किया गया तो विशाल उइके का मामला चर्चा में आया और शिकवा शिकायतें हुई जिला प्रशासन ने मामले को संज्ञान में लिया और एक जांच कमेटी गठित की कमेटी द्वारा जांच की गई प्रतिवेदन सौंपा गया लेकिन उस प्रतिवेदन को सार्वजनिक नहीं किया गया बल्कि उसे ठण्डे बस्ते में डाल दिया गया और एक नई कमेटी का गठन किया गया जो अब पुनः इस मामले की जांच करेगी। प्रश्न यह कि पूर्व में जो कमेटी गठित की गई थी क्या उसमें शामिल अधिकारी विश्वास करने योग्य नहीं थे?

## जिले में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता, अफ़वाहों से दूर रहने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिले में पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता को लेकर आमजन में किसी प्रकार की चिंता की आवश्यकता नहीं है। कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे द्वारा पेट्रोल-डीजल संचालकों के साथ आयोजित बैठक में स्पष्ट किया गया कि जिले में ईंधन की स्थिति पूरी तरह सामान्य है और पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध है।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री धोटे को संचालकों द्वारा बताया गया कि कुछ स्थानों पर पेट्रोल डीज़ल लेकर आने वाले वाहनों के पहुंचने में हल्की देरी हुई है, लेकिन इसका असर उपलब्धता पर नहीं पड़ेगा। देर रात तक पेट्रोल डीजल के वाहन पंपों तक पहुँच जाएँगे। कलेक्टर श्री धोटे ने आम नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफ़वाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें।

कलेक्टर श्री धोटे ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति या संस्था भ्रामक जानकारी फैलाते हुए पाई जाती है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पेट्रोल पंपों पर केवल हेलमेट धारण करने वाले दोपहिया वाहन चालकों को ही ईंधन दिया जाए। इस बात को सुनिश्चित करें।

गोलमेज कक्ष में आयोजित इस बैठक में अपर कलेक्टर श्री राजेंद्र कुमार सिंह एवं जिला आपूर्ति अधिकारी श्री संत भलावी सहित जिले के पेट्रोल पम्प संचालक उपस्थित रहे।

## कॉलोनाइजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिले में अवैध कॉलोनी निर्माण के मामले में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। अपर कलेक्टर न्यायालय मंडला द्वारा तहसीलदार नैनपुर को निर्देश जारी करते हुए अवैध कॉलोनी बनाने वाले के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने को कहा गया है।

जारी आदेश के अनुसार, नैनपुर क्षेत्र के एक मामले ग्राम उमरिया पटवारी हल्का नंबर 34 राजस्व निरीक्षक मंडल नैनपुर स्थित खसरा क्रमांक 135/28/1/1, रकबा 0.091 हेक्टेयर पर भूमि स्वामी द्वारा कृषि भूमि को छोटे-छोटे प्लॉट में काटकर कॉलोनी विकसित की गई, जिसे जांच के बाद अवैध घोषित किया गया। संबंधित व्यक्ति द्वारा बिना अनुमति जमीन की प्लॉटिंग कर बिक्री की जा रही थी।

प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आदेश का पालन करते हुए संबंधित आरोपी के खिलाफ थाना नैनपुर में एफआईआर दर्ज कराई जाए और आगे की कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे ऐसे मामलों की जानकारी एकत्र कर जिम्मेदार कर्मचारियों एवं कॉलोनाइजरों पर नियमानुसार कार्रवाई करें।

गौरतलब है कि मंडला जिले में पहले भी अवैध प्लॉटिंग और कॉलोनी निर्माण के मामलों में कार्रवाई हो चुकी है, जहां प्रशासन ने कई कॉलोनाइजरों के खिलाफ केस दर्ज किए हैं और जांच जारी है। अवैध कॉलोनी निर्माण और बिना अनुमति प्लॉटिंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

### अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई, वाहन जब्त..............................

**मण्डला।** मंडला क्षेत्र के ग्राम बम्हनी में जांच के दौरान खनिज निरीक्षक द्वारा रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त एक वाहन (क्रमांक एमपी 50 जेडजी 2232) को पकड़ा गया। उक्त वाहन को मौके पर ही जब्त कर लिया गया। जब्त वाहन को शासकीय अभिरक्षा में संबंधित थाना बम्हनी की सुपुर्दगी में दिया गया है। वाहन के खिलाफ मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत मामला दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। यह पूरी कार्रवाई खनिज निरीक्षक और खनिज अमले की टीम द्वारा की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से मिले कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने शनिवार को घुघरी भ्रमण के दौरान महर्षि सांदीपनि विद्यालय पहुंचे। यहाँ उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से मुलाकात की। कलेक्टर श्री धोटे ने दसवीं कक्षा में जिले में प्रथम स्थान पर रहे विद्यार्थी उमेश पड़वार तथा बारहवीं कला संकाय में जिले में प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा कु. भूमिका मरकाम को सम्मानित किया। उन्होंने दोनों बच्चों को अपने हाथों से मिठाई खिलाकर उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि विद्यार्थियों से मिलकर हमेशा खुशी होती है। उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन का एक संस्मरण भी यहाँ मौजूद बच्चों को सुनाया। कलेक्टर श्री धोटे ने स्कूल के प्राचार्य एवं सभी शिक्षकों को भी बच्चों की सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थी की सफलता में गुरूजनों का सबसे बड़ा योगदान होता है। इस दौरान एसडीएम घुघरी श्री सचिन जैन, सीईओ जनपद पंचायत घुघरी सुश्री भावना, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

**निरीक्षण** | **जिलेभर में सभी बैंक/एनबीएफसी संस्थाओं का निरीक्षण।**

# बैंक सुरक्षा को लेकर मण्डला पुलिस अलर्ट

*** एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों ने किया व्यापक निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में जिले के अनुभागों में संचालित सरकारी एवं निजी बैंक, गोल्ड लोन बैंक तथा एनबीएफसी संस्थाओं की सघन चेकिंग एवं निरीक्षण कार्यवाही की गई।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा द्वारा एसबीआई मुख्य शाखा मण्डला का विशेष निरीक्षण किया गया। साथ ही एसडीओपी मण्डला श्री पीयूष मिश्रा द्वारा भारतीय स्टेट बैंक महाराजपुर, एचडीएफसी बैंक महाराजपुर एवं इंडियन बैंक महाराजपुर, एसडीओपी बिछिया सौरभ तिवारी द्वारा थाना बिछिया क्षेत्र के बैंक एवं सेंट्रल बैंक, एसडीओपी नैनपुर मनीष राज द्वारा नैनपुर कस्बे के मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक, एसबीआई बैंक, इसाफ बैंक, यूनियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक एवं एचडीएफसी बैंक तथा एसडीओपी निवास पीएस वालरे द्वारा एसबीआई निवास, ग्रामीण बैंक निवास एवं सहकारी केंद्रीय बैंक निवास का निरीक्षण किया गया।



इसके अतिरिक्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में यूनियन बैंक सिविल लाइन बिंझिया, एक्सिस बैंक बिंझिया, सेंट्रल बैंक पिंडरई, सेंट्रल बैंक घुघरी, एसबीआई घुघरी, एसबीआई उदयपुर (बिजाडांडी), सेंट्रल बैंक मोतीनाला, मुथूट फाइनेंस मण्डला एवं कैप्री गोल्ड लोन मण्डला सहित अन्य वित्तीय संस्थाओं की चेकिंग की गई।

निरीक्षण के दौरान बैंक परिसरों में सुरक्षाकर्मी की उपलब्धता, हथियार की स्थिति, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता एवं बैकअप, अलार्म/हूटर सिस्टम, पुलिस चेकिंग रजिस्टर, प्रवेश द्वार की मजबूती एवं लॉकर/कैश चेस्ट की सुरक्षा का विस्तृत परीक्षण किया गया।

कुछ स्थानों पर सुरक्षा संबंधी कमियाँ पाए जाने पर संबंधित बैंक प्रबंधन को तत्काल सुधार के लिए निर्देशित किया गया, विशेष रूप से सीसीटीवी कवरेज बढ़ाने, 90-180 दिवस तक बैकअप रखने एवं रात्रि सुरक्षा गार्ड तैनात करने के लिए समझाइश दी गई।

मण्डला पुलिस द्वारा जिले में बैंक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर चेकिंग, मॉनिटरिंग एवं पेट्रोलिंग की जा रही है, जिससे किसी भी प्रकार की लूट अथवा आपराधिक घटना की संभावना को प्रभावी रूप से रोका जा सके।

## देवहार की उचित मूल्य दुकान में अमानक चावल वितरण पर बड़ी कार्यवाही

*** गुणवत्ता सर्वेयर सेवा से पृथक, तीन पर प्रकरण दर्ज।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे के निर्देशानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न सुनिश्चित करने के लिए सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में तहसील नारायणगंज के ग्राम देवहार की उचित मूल्य दुकान में खराब चावल वितरण की पुष्टि होने पर दोषियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है।

ग्राम देवहार में अमानक चावल वितरण की शिकायत प्राप्त होने पर कलेक्टर श्री धोटे के निर्देश के परिपालन में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, नारायणगंज एवं जिला प्रबंधक, मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन द्वारा संयुक्त रूप से दुकान का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान मौके पर वितरित किया जा रहा चावल शासन द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मानकों अनुरूप नहीं पाया गया।

जांच प्रतिवेदन के आधार पर प्रथम दृष्टया अनियमितता पाए जाने पर खराब चावल को वितरण हेतु स्वीकृत करने वाले गुणवत्ता सर्वेयर की लापरवाही को अक्षम्य मानते हुए जिला प्रबंधक द्वारा उन्हें तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक कर दिया गया है। संबंधित विक्रेता, प्रबंधक एवं केंद्र प्रभारी के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम (EC Act) की सुसंगत धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।



जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से आम नागरिकों को वितरित किए जाने वाले राशन की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। भविष्य में भी यदि किसी केंद्र या दुकान पर लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध इसी प्रकार की कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### सिमरन ने किया गांव का नाम रोशन



हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। ऐसा नही है कि सफलताये सिर्फ हाई फाई स्कूलों में अध्ययन करने वाले बच्चों को ही मिलती है। यदि किसी छात्र छात्रा द्वारा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये लग्न के साथ मेहनत की जाती है तो सफलता उसके कदम चुमने से नही चूकती है। यह बात गांव के बेटी सिमरन द्वारा साबित कर दिया गया है। बताया जाता है कि बीते हुये दिनों शिक्षा वोर्ड द्वारा घोषित किये गये कक्षा दसवी वोर्ड परीक्षा के परिणामों में ग्राम सहावन के हाई स्कूल में अध्ययन करने वाली छात्र कुमारी सिमरन पिता गोपाल मेहरा द्वारा 500 में से 478 अंक लेते हुये 95 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता हासिल की गई है। इतना ही नही इस छात्रा को जहां सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल हुई है। वही विज्ञान विषय में 100 में से 99 अंक प्राप्त किये गये है। इस तरह गांव की बेटी की सफलता पर जहां संपूर्ण ग्रामवासी अपने आप को गौरविंत महसूस करने से नही चूक रहे है। वही छात्रा के उज्जबल भविष्य की कामना की जा रही है।

### तनुश्री का सुयश



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। समाज सेवा के रूप में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले मुकेश बसेडिया की पुत्री कुमारी तनुश्री बसेडिया द्वारा कक्षा बारवही वोर्ड परीक्षा में बायों साइंस विषय के माध्यम से 88.2 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की गई है। तनुश्री की इस सफलता के चलते उसने अपनी संस्था में जहां प्रथम स्थान हासिल किया गया है।

### रेत ढोने वाले ओवर लोडिंग वाहनों की मनमानी से घटित हो सकती है बड़ी घटना

हरिभूमि न्यूज/सिहोरा/बोहानी। इस समय जिस प्रकार से क्षेत्र के नदियों में बैध व अवैध रूप से जो रेत का खनन चल रहा है उसके चलते जहां शासकीय संपदा का दोहन होते हुए तो देखा ही जा रहा है। वही दूसरी ओर क्षेत्र के नदियों का भविष्य भी पूर्णरूप से संकट में नजर आ रहा है? मगर इसके बाद भी क्षेत्र की जनता का चुप रहना चिंता क विषय बना हुआ है। वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो क्षेत्र की सड़कों पर रेत ढोले वाले वाहनों में जिस प्रकार से ओवर लोडिंग करते हुए रेत की ढुलाई की जा रही वह आम लोगों को परेशानी का कारण बनाते हुए किसी दिन बड़ी दुर्घटना को अंजाम देने की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता है? इस संबंध में बताया जाता है कि गाडरवारा करेली मार्गहो या फिर क्षेत्र के अन्य मार्गो से ढोई जा रही रेत के डम्फरों की स्थिति इस प्रकार से देखने मिलती है कि उनको इस प्रकार से भरा जाता है कि जब वह डम्फर अपनी गति से दौड़ते है तो रेत के उड़ने के कारण आसपास से गुरजने वाले छोटे वाहनों चालकों की आंखों में रेत भरने से उन्हें वाहन चलाना मुश्किल हो जाता है।

### हितग्राहियों के मशीन में फिंगर नही आने से हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज/सिहोरा/बोहानी। शासन द्वारा अनेक योजनायें चलाकर वृद्धों एवं गरीबों का भला करने की बात कही जा रही है वहीं दूसरी ओर देखा जाता है कि शहरी से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्ध महिलाओं व पुरूषों की हालत दिन पर दिन दयनीय व पीड़ा दायक होती जा रही है। यह बात अलग है कि इस हेतु शासन ने वृद्धावस्था पेंशन योजना शुरू की थी मगर शासन की इस योजना को पंचायत में बैठे कर्णधारों द्वारा शासन के नियमों को अनदेखा कर पात्रजनों को इसका लाभ ना देकर अपात्रों को दिया जा रहा है और इसी प्रकार शासन की कई अन्य योजनायें भाई-भतीजावाद की शिकार हो रही हैं जिसके कारण आज इन वृद्धों को शासन की अनेक योजनायें चलने के बाद भी भूखों रहने की नौबत आ रही है। शासन द्वारा वृद्धों के लिये वृद्धावस्था सुरक्षा पेंशन का फार्म निकालकर यह नियम लागू किया गया था।

# प्यास से व्याकुल शहर की सड़कों पर घूम रहे मूक पशुओं के प्रति किसी को नहीं आ रही दया..

**नगर में करोड़ों के विकास कार्य होने के बाद भी गौवंश के लिये चंद पानी टंकियों के निर्माण में दिखाई जा रही असमर्थता, हर साल मांग उठाये जाने के बाद कर दिया जाता है नजरअंदाज...**









**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इन दिनों सूरज की तेज तपन का आलम इस तरह देखा जा रहा है कि पारा धीरे धीरे उग्र होते हुये आग बरसाने की ओर पहुंचने में कोई कसर नही छोड़ रहा है। हाल यह बना रहा है कि लोग अपने घरों में लुकने के लिये मजबूर होते चले जा रहे है तो ठंडक का अहसास पाने के लिये अनेक प्रकार के ठंडे द्रव्यों का सेवन करते हुये दिखाई देने लगे है। यह बात अलग है कि आसमान में अचानक बादल छाने के चलते जिन किसानों के खेतों में फसल कटी रखी हुई है वह चिंता में देखे जा रहे है। मगर इस स्थिति में शहर की सड़को पर घूमने वाले मूक पशुओं को अपनी प्यास बुझाने के लिये व्याकुल होकर नालियों का गंदा पानी पीने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाना मंचों के माध्यम से गौवंश के लिये बाते करने वालों की सच्चाई उजागर होने से नही चूक रही है..? व्यास व्याकुल होकर जब गौवंश नालियों का पानी पीने के दौरान वह उनमें गिरकर घायल होने से भी नही बच पा रहे है। क्योंकि दिनों दिन बढ़ रही सूरज की तेज तपन के चलते हर व्यक्ति के चंद मिनिटों में सूख रहे कंडों को पानी की जरूरत महसूस की जाने लगे है और वह किसी भी तरह से अपनी प्यास बुझा लेते है। मगर सड़को पर घूमने वाले गौवंश की ओर किसी का ध्यान नही जा रही है। क्योंकि इस गौवंश को अपनी प्यास बुझाने के लिये एक मात्र सहारा शक्कर नदी होती है। मगर उसकी धाराएं टूटने की ओर पहुंचते हुये दिखाई देने लगी है? इस स्थिति में मूक पशुओं को अपने सूखें हुये कंठ की प्यास बुझाने के लिये नगर में कही पर भी कोई व्यवस्था ही नही रह गयी है। शहर की जीवन रेखा माने जाने वाली शक्कर नदी के इतिहास पर गौर किया जावे तो इस शक्कर नदी में जिस प्रकार से बारह महिने कल कल बहता हुए पानी दिखाई देता था जो बीते हुये कुछ वर्षो से गर्मी आने के पहले ही अपनी धाराये समेट लेती है और यही हाल अभी से दिखाई देने लगा है..? इस हाल के चलते मूक पशुओ के लिये सबसे बड़ी परेशानी झेलने के लिये मजबूर होने से नही बच पायेगे। क्योंकि इन मूक पशुओं को पानी पीने के लिये शहर में कोई प्रबंध नही होने की स्थिति में वह नालियों का गंदा पानी पीकर किसी भी प्रकार से अपनी प्यास बुझाने के लिये मजबूर होने की स्थिति में अक्सर देखा जाता है कि वह पानी की चाहत के चलते इन नालियों में गिरकर घायल होने से भी नही बच पाते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय देखने मिलना शुरू हो गई है। क्योंकि इस समय चल रही अप्रैल माह में गर्मी धीरे धीरे अपने पूरे शबाब पर पहुंचते हुये जान पड़ रही है और आने वाले दिनों में भयानक रूप धारण करने में कोई कसर नही छोड़ेगी। इस स्थिति में जहां तहां जल स्त्रोत सूख जाने के कारण मूक पशुओं को पानी को लेकर परेशान होना आम बात बन चुकी है। क्योंकि नगर की शक्कर नदी की सिमटती हुई जल धाराओं के कारण नगर के पालतू पशु पीने के पानी को लेकर परेशान हो रहे है तो दूसरी ओर जंगली जानवर भी पानी की तलास में यहां बहां भटकते हुए देखे जा रहे है। नगर की शक्कर नदी में पानी की कमी होने के कारण पशुओं के लिए नगर में कही भी पानी पीने के लिए कोई उचित व्यस्था नही होने से वह गंदी नालियों में पानी खोज कर किसी भी तरह अपने प्यास बुझा रहे है और इसके कारण और नगर में बनी हुई गहरी नालियों में आये दिन मूक पशु गिरकर घायल होने से भी नही बच पा रहे है। मगर इस ओर आज तक न तो प्रशासन द्वारा कोई ध्यान दिया गया है और न ही जनप्रतिनिधियों द्वारा यदि नगर के अंदर पशुओं को पानी पीने के लिये जहां तहा बडी टंकियों का निर्माण करा दिया जाता तो निश्चित ही यह मूक पशु जहां अपनी प्यास बुझा लेते तो दूसरी ओर इन टंकियों का उपयोग उन लोगों को भी मिल जाता जो किसी काम से यहां पर आये हुये होते है। जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नगर शासकीय चिकित्सालय में भर्ती होने वाले मरीजों के साथ आने वाले लोगों के आलवा शहर में अपने अन्य कार्यो के लिए बाहर से आये हुए लोगों को भी नहाने से लेकर अन्य कार्यो को लेकर परेशान होते हुये देखा जाता है। पूर्व के समय में जब शक्कर नदी की धाराये बारह माह बहती थी तो लोग वहां पहुंचकर स्नान कर लेते थें। मगर अब गर्मी आने के पहले नदी के सूखने की ओर अग्रस हो जाने से पशुओं के साथ साथ चिकित्सालय में भर्ती रहने वाले मरीजों के परिजनों सहित अन्य लोगों को परेशानियों से जूझना पड़ता है...? जबकि गौर किया जावे तो हरिभूमि द्वारा प्रतिवर्ष गर्मी आते ही नगर में जहां तहां घूम रहे प्यासे मवेशियों को लेकर नपा प्रशासन से नगर में खनन किये गये नलकूपों के समीप पानी टंकियों (बडे टाकों) के निर्माण की मांग की जाती रही है। मगर आज तक इस ओर न तो नपा के जनप्रतिनिधियों द्वारा ध्यान दिया गया है और नही प्रशासनिक तंत्र द्वारा जिसके चलते मूक पशुओं को पानी पीने के लिये व्यवस्था को लेकर किसी भी प्रकार की सोच नही होने के कारण मवेशी हर वर्ष गर्मी के दिनों में अपनी प्यास बुझाने के लिए भटकते हुए देखे जाते है। इस प्रकार से पानी के लिए भटकते हुए मवेशियों की स्थिति को देखते हुए लोगों द्वारा मांग की जा रही है कि यदि नगर पालिका परिषद द्वारा नगर में जहां तहां चल रहे नलकूपों के पास 3*10 साईज के टांकों का निर्माण करवा दिया जावे तो जहां यह कार्य नगर पालिका के हतिहास में महत्तव पूर्ण उपलब्धी के रूप में दर्ज होने से नही चूक पायेगा? वही गर्मी के दिनों में भटकते हुए पशुओं के साथ साथ साथ आम लोगों के लिए एक राहत भरा हो सकता है। आमजन का कहना है कि नलकूपो के पास इस प्रकार के टांकों का निर्माण हो जाता है तो उन्हें अलग से भरने की जरूरत तो पड़ने से रही। क्योंकि नगर पालिका के नलकूप बड़ी टंकी को भरने के लिए तो दिन भर चलते ही रहते है और उसी से एक नल जोड़ते हुए इन टांकों को भी भरा जा सकता है जिसके चलते जहां मवेशियों को पीने के लिए ठंडा पानी भी उपलब्ध हो सकता है और बाहर से नगर में अपने जरूरी कामों से आने वाले लोगों को भी स्नान के लिए सुबिधा उलब्ध हो सकती है। मगर पता नही क्यों इस पशुओं की बेवशी को प्रशासन सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा नजर अंदाज कर दिया जाता है।

## अलग अलग स्थानों से सटोरियों को पकड़ने में मिली सफलता

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** सट्टा के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना के निर्देशन व उप पुलिस अधीक्षक एस एल डागूर के मार्ग दर्शन में नगर निरीक्षक अशोक सिंह चौहान की टीम द्वारा लगातार धरपकड़ मुहिम चलाई जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस टीआई चौहान की टीम द्वारा अलग अलग स्थानों पर छापेमार कार्यवाही करते हुये सटोरियों को पकड़ने में सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में से मिली जानकारी के अनुसार गाडरवारा पुलिस थाने के अंतर्गत नगर के चीचली तिरहा के पास पुलिस द्वारा सागर पिता अशोक कुमार जाटव निवासी महाराणा प्रताप वार्ड को सट्टा पट्टी काटते हुये पकड़कर आरोपी के पास से पट्टी सहित नगदी 420 रूपया तथा नगर के जगदीश वार्ड में मुकेश उर्फ नीलेश पिता टीकाराम कहार निवासी पटैल वार्ड के पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 580 रूपया व नगर के कौडिया रोड़ पेट्रोल पंप के पास सागर पिता अशोक सिंह राजपूत निवासी महाराणा प्रताव वार्ड के पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 550 रूपया व नगर के आजाद वार्ड में राकेश पिता चैन सिंह ठाकुर स्टेशन रोड के पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 410 रूपया, चीचली तिरहा के पास राजवीर पिता अशोक नौरिया के पास से पट्टी व नगदी 310 रूपया तथा चीचली रोड रेलवे फाटक के समीप प्रकाश पिता कपूरचंद कौरव के पास से पट्टी सहित नगदी 400 रूपया रूपया जप्त किये गये। इसी प्रकार से समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत रेल्वे स्टेशन सालीचौका के पास महंत पिता रविशंकर जाटव के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 440 रूपया तथा सिहोरा में ही आशीर्ष पिता हीरा लाल वर्मा को पट्टी काटते हुये पकड़कर उसके पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 600 रूपया तथा ग्राम खुलरी में वही के निवासी सुनील पिता यशवंत जाटव के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 410 रूपया जप्त किये गये। वही समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत सांई मंदिर के समीपस्थ राहुल पिता विष्णु बंशकार निवासी वार्ड क्रमांक 6 के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 780 रूपया तथा रेता मुहल्ला में ब्रजेश पिता दौलत कहार के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 1170 रूपया जप्त किये गये। इसी क्रम में समीपस्थ चीचली पुलिस द्वारा भी अपने थाना क्षेत्र के नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में की गई कार्यवाही के दौरान नगर के होलिका चौक पर मोनू पिता राकेश ताम्रकार के पास से सट्टा पट्टी काटते हुये पकड़र पट्टी सहित नगदी 500 रूपया तो पुराने थाने मुहल्ला में आसिफ पिता दीन मोहम्मद खान निवासी वार्ड क्रमांक 5 के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 370 रूपया तथा ग्राम बारहाबड़ा में वही के निवासी दीपक पिता प्रेम नारायण कुशवाहा के पास से भी सट्टा पट्टी सहित नगदी 485 रूपया जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ धारा 4 क जुंआ एक्ट के तहत मामला कायम किया गया है।

### स्टैट बैक द्वारा स्थापित एटीएम में रात के समय फैला रहता है अंधेरा, उपभोक्ताओं को राशि निकालने में हो रही परेशानी

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जहां एक ओर भारतीय स्टैट बैंक द्वारा अपने उपभोक्ताओं को अच्छी सुविधाये प्रदान करने का पूरा भरोसा दिलाया जाता है और नगर के सबसे बड़ी बैक होने के कारण इसमें नगर के हजारों लोगों के खाते संचालित हो रहे है। मगर देखा जा रहा है कि स्थानीय स्तर पर बैक अधिकारियों की उदासीनता कही जावे या फिर मनमानी के परिणाम के चलते उपभोक्ताओं को परेशान होना आम बात क्योंकि जहां बैक में पहुंचने वाले उपभोक्ताओं को अधिकारी के भाषा शैली दुखदाई साबित होते हुये देखी जाती है तो दूसरी ओर बैक द्वारा स्थापित किये गये एटीएमों की हालत यह बनी है कि वहां पर न तो किसी तरह की सुरक्षा व्यवस्था रहती है जिसके चलते राशि निकलने के लिये पहुंचे वाले बैक उपभोक्ताओं को असुरक्षा महसूस होती है तो दूसरी ओर एटीएम में रात के समय प्रकाश व्यवस्था को आभाव होने के कारण परेशान होना पड़ता है।

# कामती गाडरवारा हाईवे क्रमांक 22 के दोनों ओर बढ़ रहा अतिक्रमण बन रही दुर्घटनाओं का कारण







हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। शहर को देश की राजधानी भोपाल व संस्कारधानी जबलपुर से जोड़ने वाला यह मार्ग जहां सड़क विभाग के रिकार्ड में स्टैट हाईवे क्रमांक 22 के रूप में दर्ज है। मगर इस मार्ग की दुर्दशा की सच्चाई शायद किसी से छिपी नही होगी। मुख्य रूप से देखा जावे तो इस मार्ग पर जहां तहां निकल रहे गड्ढे जहां संबंधित विभाग की उदासीनता को उजागर करने से नही चूक रहा है। वही दूसरी ओर स्थानीय प्रशासन की उदासीतना का परिणाम है कि इस मार्ग के दोनों किनारे बढ़ रहे अतिक्रमण का परिणाम है कि आये दिन सड़क दुर्घटनाये घटित होना आम बात बन चुकी है। मुख्य रूप से देखा जावे तो गाडरवारा से कामती की ओर जाने वाले इस प्रदेश स्तर के मार्ग पर जिस तरह दुकानदारों द्वारा सड़क किनारे अपनी जरूरी सामग्री रखते हुये कब्जा जमाया गया है। वही रही सही कसर फुटकर सब्जी विक्रय करने वाले लोगों द्वारा पूरी कर दी गई। हाल यह बना हुआ है कि बडे वाहन जब इस मार्ग से निकलते है तो उन्हें सामने से आने वाला वाहन दिखाई ही नही देता है। इस स्थिति में घटना घटित होना आम बात बन चुकी है। इस तरह गाडरवारा से कामती की ओ जाने वाले प्रदेश स्तर के इस मार्ग के किनारे जिस तरह सब्जी सहित अन्य सामग्री विक्रय करने वालों द्वारा अतिक्रमण करते हुये कब्जा जमाया जा रहा है। इस सच्चाई को स्थानीय मीडिया द्वारा लगातार उजागर किये जाने के बाद भी स्थानीय प्रशासन के जिम्मेदारों द्वारा जिस तरह नजर अंदाज किया जा रहा है। इससे यह प्रतीत होने से नही चूक रहा है कि मानों अधिकारियों को आम लोगों की जिन्दगी से कोई लेना देना ही नही रह गया हो..? हैरत की बात तो इस सच्चाई को देखते हुये हो रही है कि लगभग एक माह पहले जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा खुद ही दुर्घटना संभावित स्थानों का भ्रमण करते हुये चिन्हित किया गया था। मगर उनके द्वारा भी जिस तरह से इस अतिक्रमण की सच्चाई को नजर अंदाज करते हुये अतिक्रमण कारियों को अभयदान प्रदान किया गया है तो फिर स्थानीय स्तर के अधिकारियों से उम्मीद कैसे की जा सकती है..? इसी का परिणाम में ही गाडरवारा कामती के बीच आये दिन सड़क दुर्घटनाये घटित होते हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये रात उस समय देखने मिली जब इस मार्ग पर एक डम्फर और छोटा हाथी वाहन की जोरदार टक्कर हुई है। बताया जाता है कि इस घटना में दोनों वहां अत्यंत रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। बताया जाता है कि डंपर पिपरिया तरफ से आ रहा था और जो छोटा हाथी वाहन फल फ्रूट से भरा हुआ था।दोनों वाहनों की जोरदार टक्कर से ड्राइवर को चोटिल होने की खबर है। वह तो अच्छा हुआ की डम्फर आसपास किसी के घर में नही घुस पाया नही तो एक बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। क्योंकि इस मार्ग पर अतिक्रमण के साथ साथ बडे बडे वाहनों का सड़क किनारे सदा ही कब्जा रहने के चलते क्रासिंग होने के दौरान इस तरह की घटनाये सामने आने से नही बच पा रही है।

## गौ सम्मान आवाहन अभियान के तहत धूनी नगरी में गौ सेवकों ने किया व्यापक प्रचार





**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** धार्मिक ग्रंथो में गौ माता के लिये स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि गौ माता के अंदर सभी देवता निवास करते है। इसलिये गौ माता पूज्यनीय होने के साथ घर में सुख समृद्धि लाने वाली मानी जाती है। मगर इसके बाद भी गौ माता की दुर्दशा चिंता जनक देखने मिल रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में गौ सम्मान आवाहन अभियान के माध्यम से गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मान दिलाने हेतु चलाई जा रही मुहिम के चलते बीते हुये दिवस नगर के बाजार क्षेत्र में गौ भक्तों ने किया सघन प्रचार प्रसार किया। इस दौरान गाडरवारा एवं सांईखेड़ा सहित गांव गांव से आये हुये गौ भक्तों ने संयुक्त रूप से सांईखेड़ा नगर के स्थानीय लोगों से मिलकर दुकानदार, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों से अपने जन संपर्क कर 27 अप्रैल 2026 को तहसील स्तर पर अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व (एसडीएम) एवं तहसील के मुखिया तहसीलदार को तथा जिला स्तर पर जिला कलेक्टर को सौंपे जा रहे प्रार्थना पत्र में सम्मिलित होने की अपील की गई । गौ सम्मान आव्हान अभियान के मुख्य उद्देश्य हैं गौ माता की सेवा हो सुरक्षा हो और उन्हें सम्मान मिले। जिसके तहत भारत से गौ माता की हत्या पर पूर्णतः प्रतिबंध लगे,अर्थात गौ हत्या पूर्णतः समाप्त होने के साथ साथ गौ माता को राष्ट्रमाता, राष्ट्र देव, राष्ट्र आराध्या व राष्ट्र धरोहर अथवा राष्ट्र आधार का सम्मानित पद प्रदान की मांग की जा रही है। गौ सेवा हेतु केन्द्रीय कानून लागू हो और केंद्रीय गौ सेवा मंत्रालय बने। गोचर बोर्ड बने, चारा सुरक्षा नीति तय होना चाहिये। वही गौ आधारित कृषि सुनिश्चित हो। इन मांगों को लेकर प्रार्थना पत्र सौंपे जा रहे है जिसका क्षेत्रवासियो का भी इस पुनीत कार्य में भरपूर समर्थन भी मिल रहा है। यह जन अभियान पूरे देश में एक साथ किया जा रहा है जो कि गैर राजनीतिक है और न ही किसी व्यक्ति विशेष या संगठन से जुड़ा है। इस अभियान कार्यकारिणी की प्रधान संरक्षक वेद लक्षणा गौ माता है एवं अध्यक्ष नंदी महाराज हैं। इस अभियान का भारतीय परंपरा के समस्त आराध्य देवी देवताओं के आशीर्वाद से संचालन हो रहा है। इस अभियान में भारतीय परंपरा के समस्त आचार्य, संत, महापुरुष, गौ संत,गौ भक्त, गो रक्षक, गो पालक, गो पुत्र, गो वत्स और समस्त गौ प्रेमी जन का भरपूर सहयोग एवं समर्थन मिल रहा है।

## खुलरी सहित भौंरझिर सेक्टर में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा संपन्न





**हरिभूमि न्यूज/खुलरी।** नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के साथ साथ बीते हुये दिनों शिशु पखवाड़ा भी मनाया गया। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने कुपोषण मिटाने के लिये जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से खुलरी सेक्टर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं शामिल रही। बताया जाता है कि ग्राम में नारी शक्ति वंदन पखवाड़े के दौरान ग्राम खुलरी,भौंरझिर, करहैया केंद्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में किशोरी बालिकाएं और गर्भवती माताएं शामिल हुईं। ग्राम भौंरझिर करहैया, खुलरी की बालिकाओं को कक्षा 10 वीं एवं कक्षा12, बी में अच्छे अंकों से पास होने पर प्रशस्ति पत्रों के साथ साथ पुरूस्कृत भी किया गया। जिनमें सुरभि कौरव 93% अंक, दुर्गा कुशवाहा 85% अंक, तानिया रजक 85% अंक, खुशबू साहू, 83% अंक, श्रद्धा साहू 75% खुलरी को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को श्रीमती राजेश्वरी मेहरा प्रभारी परियोजना अधिकारी व कंचन तेकाम पर्यवेक्षक, कीर्तन बोपचे, निशा चौधरी एवं सबिता पाली ने संबोधित करते हुए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, लाड़ली लक्ष्मी योजना और महिला सशक्तिकरण पर विस्तार से जानकारी देते हुये उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने और मुख्यधारा से जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सविता पाल ने कुपोषण दूर करने और शिशु-मातृ देखभाल को लेकर जागरूकता संबंधी जानकारियों से अवगत कराया गया। वही पखवाड़े के दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों, स्वास्थ्य, पोषण और शासकीय योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इस कार्यक्रम में महिलाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और गीत गायन आयोजन करने के बाद अंत में सभी ने शपथ ली कि वे गांव की अन्य महिलाओं को भी जागरूक करेंगी।

### कौरव समाज का सामूहिक विवाह सम्मलेन कल, तैयारिया जोरों पर



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** समाज में शादी विवाहों के दौरान बढ़ रहे फिजूल खर्चो पर अंकुश लगाने की सोच के चलते कौरव समाज व कौरव सेवा समिति द्वारा सामूहिक विवाह सम्मलेन का कल 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर नगर की नई गल्लामंडी प्रांगण में किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर कौरव सेवा समिति के सदस्यों में जहां एक अनोखा जोश दिखाई दे रहा है। वही दूसरी ओर इस आयोजन के माध्यम से परिणय सूत्र से बंधने वाले जोड़ो के लिये बधु की उम्र 18 साल से अधिक व बर की उम्र 21 साल से अधिक होना जरूरी है। इस तरह आयोजन की तैयारियों में क्षेत्र के समाज सेवा सुरेन्द्र पटैल मझले भैया द्वारा तैयारियों पर अपनी नजर रखे हुये है। वही गांव गांव संपर्क करते हुये जोड़ो के पंजीयन किये जा रहे है। बताया जाता है कि समाचार लिखे जाने तक 18 जोड़ो के इस आयोजन के लिये पंजीयन हो चुके है और यह कार्य लगातार जारी है।

## राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ द्वारा बिजली की परेशानी को लेकर सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** लगातार परेशानियों से जूझ रहे किसानों को इस समय अपने खेतों में लगाई गई गर्मी सीजन की मूंग फसल की सिंचाई हेतु निर्धारित समय के अनुसार बिजली नही मिलने के कारण वह परेशान होते हुये देखे जा रहे है। इस परेशानी को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ द्वारा कुछ दिवस पहले समीपस्थ चीचली विद्युत अधिकारी को ज्ञापन सौपते हुये समस्या की निदान की मांग की गई थी। मगर इसके बाद भी किसी तरह से निदान नही होने के कारण कनिष्ठ अभियंता को ज्ञापन दिया गया है। सौपे गये ज्ञापन में उल्लेखित किया गया है कि पिदले दो माह से गाडरवारा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चीचली विद्युत वितरण के अधीन तेंदूखेडा, सेसा डाबर, रायपुर सब स्टेशन से जुडे किसानों को लो वोल्टेज की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस समय खेतों में लगाई गई गर्मी सीजन की फसल सिंचाई के आभाव में सूख रही है। वही दूसरी ओर इन स्थानों पर बीते हुये कुछ दिनों से लगातार अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। जबकि किसानों के लिये सिंचाई हेतु 10 घंटे बिजली प्रदान करने की बात कही जाती है। मगर वह मिल ही नही पा रही है। इसी प्रकार से समीपस्थ सडूमर सब स्टेशन में 8 एम बी की मशीन स्थापित करने की मांग भी ज्ञापन के माध्यम से की गई है।

## खबर संक्षेप

### कु. हर्षिता का सुयश



**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** गत दिवस माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणाम में कु.हर्षिता नौरिया ने सफलता हासिल कर कक्षा 10वीं 2026 के परीक्षा परिणाम में सफलता हासिल कर नाम रोशन किया। छात्रा हर्षिता पीएम श्री महारानी लक्ष्मीबाई कन्या शाला नरसिंहपुर की कक्षा 10वीं की छात्रा है एवं इतवारा बाजार के प्रतिष्ठित नागरिक लक्ष्मी प्रसाद नौरिया की पुत्री है। खुशी की इस सफलता पर शाला परिवार, पापा मम्मी एवं शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

### जनगणना प्रथम चरण का प्रशिक्षण सम्पन्न



**तेंदूखेड़ा** भारत की जनगणना को लेकर शासकीय कन्या उच्चतर विद्यालय में चल रहे प्रथम चरण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ।प्रशिक्षण ले रहे सभी प्रगनकों पर्यवेक्षकों को चार्ज अधिकारी द्वारा शपथ दिलाई गई।इस मौके पर प्रशिक्षक भी उपस्थित थे।

### खेत से विद्युत मोटर चुराकर ले गए चोर

**तेंदूखेड़ा** इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में चोरियों की घटनाएं लगातार अपने पैर पसारती चली जा रही है। और चोर पुलिस की पकड़ में नहीं आ रहें हैं। हमारे प्रतिनिधि को नगर परिषद में पूर्व पार्षद एवं हाल ही में ऐल्डरमेन बनें राजू पाली के जामनपानी स्थित खेत से दो हार्स पावर की विद्युत मोटर अज्ञात चोर निकालकर ले गये हैं।

### समाजसेवी पुरुषोत्तम दास विश्वकर्मा का निधन

**गोटेगांव।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं समाजसेवी पुरुषोत्तम दास विश्वकर्मा का लगभग 65 वर्ष की आयु में बीमारी के चलते निधन हो गया। इलाज के दौरान अचानक हृदयगति रुकने से उनका देवलोक गमन हुआ।वे सहज, सरल और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। उनके निधन की खबर से परिवार, मित्रों और शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया।अंतिम संस्कार में विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।



### पुरानी रंजिश को लेकर की मारपीट

**गाडरवारा।** नगर के पटैल वार्ड निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह मुहल्ले की दुकान पर कुछ सामग्री लेने के लिये गया हुआ था। उसी दौरान मोईन खान, सरफराज खान तथा शानू खान मिले जो पुरानी रंजिश को लकर गंदी गंदी गालिया देने लगे। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो शानू खान द्वारा लाठी से मारपीट की गई तथा मोईन खान द्वारा किसी चाकू जैसी बस्तु से व सरफराज द्वारा कुक्कों से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाने के साथ जान से मारने की धमकी दी गई।

### डम्फर की चपेट में आने से तीन गायों की मौत

**गाडरवारा।** नगर के गरधा रोड पर देखने मिली जहां एक डम्फर की चपेट में आने से तीन गायों की मौत हो गई। सोया प्लांट के पास रहने वाली एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे पास दो पालतू गाय है। मगर एक गाय बीते हुये दिवस अचानक भाग जाने के कारण प्रार्थिया उसके खोजने के लिये गरधा रोड पर गई हुई थी। उसी दौरान मुन्ना धानक के घर पार प्रार्थिया की गाय अन्य दो गायों के बीच बैठी हुई थी। मगर अचानक एक तेज गति से दौड़ते हुये आ रहे डम्फर क्रमांक MP15-ZF-6526 के चालक द्वारा अपने डम्फर से गायों की टक्क मारते हुये पलटा देने के चलते प्रार्थिया की गाय सहित अन्य दोनों गायों की मौके पर ही मौत हो गयी।

## गर्मी से नहीं मिल पा रही मरीजों को निजात

# जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं पर उठ रहे सवाल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** दिन प्रतिदिन गर्मी का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। दिन मे तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। वही रात में 22 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया जा रहा है। गर्मी से लोगों का हाल बेहाल बना हुआ है। लोग बिना कूलर, पंखे की मदद के रह पाना संभव नही है। वही शासकीय कार्योलयों मे ए सी, कूलर, पंखा की मदद लेते नजर आ रहे है। वही जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को भीषण गर्मी के बीच राहत नहीं मिल पा रही है। यहां मरीजों पर गर्मी और सिस्टम की लापरवाही की दोहरी मार पड़ रही है। अस्पताल के वार्डों में कहीं कूलर नहीं हैं, जहां कूलर लगे हैं तो वहां उनकी टंकियां नदारद हैं। वही प्रबंध द्वारा व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने की बात कही जा रही है।





### व्यवस्थाओं पर उठ रहे सवाल

जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को भीषण गर्मी के बीच राहत नहीं मिल पा रही है। यहां मरीजों पर गर्मी और सिस्टम की लापरवाही की दोहरी मार पड़ रही है। अस्पताल के वार्डों में कहीं कूलर नहीं हैं, जहां कूलर लगे हैं तो वहां उनकी टंकियां नदारद हैं या पानी की व्यवस्था नहीं है। कई वार्डों में बिजली के बोर्ड भी खराब पड़े हैं, जिससे बिना पानी के भी कूलर चलाना मुश्किल हो गया है। ऐसे में मरीजों और उनके परिजनों को उमस भरी गर्मी में दिन-रात गुजारना पड़ रहा है। दोहपर हो या रात पंखे की गर्म हवा ही उनके लिए सहारा है। प्रशासन को चाहिए की ठोस कार्रवाई करते हुए वार्डो कूलर की समुचित व्यवस्था करे जिससे मरीजों को गर्मी से परेशानी उत्पन्न ना हो। वही बीते दिनों हुई रोगी कल्याण समीति की बैठक में कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा भी उक्त बात कही जा चुकी है।

### पंखे की गर्म हवा ही सहारा

जिला चिकित्सालय के दोनों भवनों में हालात एक जैसे बने हुए हैं। दोपहर के समय वार्डों में भर्ती मरीज गर्मी से बेहाल नजर आए, कुछ वार्डो में चंद दिनों पहले कूलर तो पहुंच गए लेकिन अधिकांश बिना टंकी के पहुंचे जो बेकार साबित हो रहे हैं। जिनकी टंकिया है तो वह सूखी पड़ी हैं। मरीजों ने बताया कि एक तो बीमारी, उस पर गर्मी में व्यवस्थाओं की खामी उनकी तकलीफ बढ़ा रही है। पंखों की गर्म हवा का ही सहारा है, पंखे बंद करते हैं तो मच्छर काटते हैं। रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिलती। ऊपर से मच्छरों का प्रकोप मरीजों की परेशानी और बढ़ा रहा है, जिससे उन्हें ठीक से नींद भी नहीं मिल पा रही। मरीजों के परिजनों का कहना है कि गर्मी से राहत के लिए अस्पताल प्रबंधन को कूलर, पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी दूर करना चाहिए। लेकिन जब भी कोई शिकायत कहो तो एक ही जबाब मिलता है कि व्यवस्था सुधार रहे हैं, कूलर में टंकी लगाने आ रहीं हैं, जिसको कार्य का टेंडर दिया है उसके द्वारा धीरे-धीरे वार्डो में कूलर रखवाए जा रहे हैं। लेकिन व्यवस्था कब सुधरेगी यह कोई नहीं बता रहा है।

### सफाई व्यवस्था पर भी सवाल

जिला चिकित्सालय में गंदगी का अंबार लगा हुआ है जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा उक्त ओर ध्यान नही दिया जा रहा है। जिला चिकित्सालय के शौचालय तथा वार्डो भी गंदगी से अटे पड़े है जबकि प्रशासन द्वारा सफाई की दृष्टि से निजी कंपनी को सफाई का टेंडर देकर सफाई कराई जा रही है और द्वारा जिला चिकित्सालय की सफाई व्यवस्था पर ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे मरीजो व परिजनों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वही जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा भी उक्त ओर ध्यान नही दिया जा रहा जिस कारण से वार्डो में गंदगी हो रही है। प्रशासन को चाहिए की ठेकेदार को सख्त निर्देश देकर व्यवस्थित रूप से सफाई कार्य कराया जाए जिससे गंदगी ना हो और मरीजों व परिजनों को गंदगी से निजात मिल सके।

## मिलन समिति द्वारा अमावस पर किया गया सत्तू वितरण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस सामाजिक सरोकार से प्रेरित कार्यों के चलते विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मिलन समिति के द्वारा सत्तू अमावस्या पर सत्तू वितरण किया गया मिलन समिति के संरक्षक एस के चतुर्वेदी तथा अध्यक्ष संजय राय सहयोगी सभी सदस्यों द्वारा समाजसेवा से जुड़े अनेकों कार्य सभी त्यौहार बड़े हर्षौल्लास से सम्पन्न किए जाते हैं वैशाख माह में प्याऊ लगाना भंडारा करना नगर के लोगों का जन्म दिन मनाना समिति के सदस्यों द्वारा सभी सामाजिक धार्मिक कार्यों को सेवाभावी भाव से किए जाने से समाज को लाभ मिलने के साथ प्रेरणा दायक भी है लोगों को इन सेवाभाव को देखकर प्रेरणा मिलती है विगत दिवस सत्तू वितरण कार्यक्रम में प. लक्ष्मण वैष्णव, नीलेश जाट, विपिन बैरागी, हेमराज सेन, कुंज बिहारी यादव, नरेश विश्वकर्मा, हेमराज विश्वकर्मा, संजय श्रीवास्तव, छोटू पटेल, कमलेश साहू, बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी सम्मिलित रहे।

## नासिक घटना के विरोध में विहिप-बजरंग दल ने किया प्रदर्शन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** महाराष्ट्र के नासिक में सामने आए कथित प्रकरण के विरोध में शनिवार को नरसिंहपुर में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। थाना प्रभारी गौरव चाटे को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सोपा जिसमें मांग कि नासिक में लड़कियों को बहला-फुसलाकर उनके साथ अनुचित व्यवहार किया गया और उन पर दबाव बनाने की कोशिश की गई। इस घटना को लेकर कार्यकर्ताओं में रोष देखा गया। विहिप और बजरंग दल ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाने की बात कही गई। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि इस प्रकार की घटनाओं पर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। विहिप जिलाध्यक्ष खुमान सिंह पटेल ने कहा कि नासिक की घटना अत्यंत गंभीर है और इसके दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन ऐसे मामलों के खिलाफ लगातार आवाज उठाता रहेगा। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की। विश्व हिंदू परिषद विभाग मंत्री महेंद्र सिंह चौहान, जिला मंत्री रामकुमार पटेल, जिला सह मंत्री धनंजय तिवारी, जिला सह संयोजक तथागत भारद्वाज,गौ रक्षा प्रमुख मुकेश पटेल, प्रचार प्रसार प्रमुख राधे साहू, जिला सह सुरक्षा प्रमुख जयदीप दुबे, जिला विद्यार्थी प्रमुख पवन सोलंकी,नगर अध्यक्ष शुभम गुप्ता, नगर संयोजक शुभम, जयराम पटेल, कार्तिक नेमा, लवकुश कौरव, मनोज नामदेव, राज सोलंकी, बाबूलाल पटेल एवं अधिक संख्या में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## आटो पलटने से नौ लोग घायल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शनिवार को छिंदवाड़ा रोड पर ग्राम धुवघट के समीप ऑटो पलट गया। इस दुर्घटना में नौ लोग घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। घायलों ने बताया कि वे कंधरापुर गांव में एक शादी समारोह में काम कर नरसिंहपुर लौट रहे थे। रास्ते में अचानक एक जंगली सूअर सामने आ गया। उसे बचाने के प्रयास में ऑटो चालक का संतुलन बिगड़ गया और वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। पुलिस के अनुसार, घायलों में बटका जिला छिंदवाड़ा निवासी राजकुमारी उम्र 20वर्ष और नीतू उम्र 18 वर्ष शामिल हैं, जिन्हें उनके परिचित अस्पताल लेकर पहुंचे थे। अन्य घायलों में हर्रई निवासी पार्वती उम्र 32 वर्ष, श्याम उम्र 40 वर्ष, प्रीति उम्र 14 वर्ष, अतरलाल उम्र 50 वर्ष, कमल उम्र 30 वर्ष, सरेशबाई उम्र 40 वर्ष और मगरधा निवासी आरिफ उम्र 40 वर्ष शामिल हैं। इन्हें भी विभिन्न माध्यमों से अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों की हालत सामान्य थी, जिसके चलते उन्हें छुट्टी दे दी गई।

## पुलिस उप महानिरीक्षक ने किया भ्रमण, देखी व्यवस्था

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस पुलिस उप महानिरीक्षक, रेंज छिंदवाड़ा, राकेश कुमार सिंह द्वारा नरसिंहपुर जिले के भ्रमण के दौरान एसडीओपी, कार्यालय एवं थाना तेन्दूखेड़ा का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिले के पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना एवं अति. पुलिस अधीक्षक, संदीप भूरिया, एसडीओपी, तेन्दूखेडा, अभिनव मिश्रा सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। वार्षिक निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, मालखाना, हवालात, रिकॉर्ड संधारण एवं साफ-सफाई व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया गया। उन्होंने लंबित अपराधों एवं प्रकरणों की समीक्षा कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए तथा गंभीर मामलों में प्रभावी विवेचना सुनिश्चित करने पर बल दिया। साथ ही, पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आमजन की शिकायतों का त्वरित एवं संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। पुलिस उप महानिरीक्षक, रेंज छिंदवाड़ा, राकेश कुमार सिंह द्वारा अधिकारी एवं कर्मचारी को अनुशासन बनाए रखने, नियमित गश्त करने एवं क्षेत्र में अपराध नियंत्रण हेतु सतर्क रहकर कार्य करने की समझाइश दी गई।



## मारपीट का वीडियो वायरल, पुलिस के पास नहीं पहुंची शिकायत



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस जिला मुख्यालय के इतवारा बाजार क्षेत्र मे मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। वीडियो मे देखा जा रहा है कि एक युवक की दूसरे युवक द्वारा डंडे से बेरहमी के साथ मारपीट की जा रही है। हालांकि, इस मामले में अब तक पुलिस के पास कोई लिखित शिकायत नहीं पहुंची है। कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इतवारा बाजार की इस घटना में मारपीट की वजह अभी सामने नहीं आई है। पुलिस अब वीडियो की सत्यता की जांच कर रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। पुलिस ने बताया कि वीडियो उनके संज्ञान में आया है, लेकिन अभी तक किसी भी पक्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है। उन्होंने कहा कि पुलिस अपने स्तर पर घटना की जानकारी जुटा रही है। मारपीट करने वाले व पीड़ति की तलाश की जा रही है। वीडियो की पुष्टि होने और किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि के सबूत मिलने पर कानून के मुताबिक कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद पुलिस ने बाजार क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है।

## बदहाल गोटेगांव—लाठगांव सड़क पर उठे सवाल



**गोटेगांव। गोटेगांव** से लाठगांव होते हुए कुंडा तक जाने वाली सड़क की हालत इन दिनों बेहद खराब हो चुकी है। लोक निर्माण विभाग द्वारा इस मार्ग का कई बार डामरीकरण किया जा चुका है, लेकिन हर साल यह सड़क फिर से जर्जर हो जाती है। हाल ही में कुछ माह पूर्व मरम्मत कार्य कराया गया था, परंतु सड़क की स्थिति में कोई स्थायी सुधार नहीं हुआ।सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे हो जाने के कारण वाहन चालकों, राहगीरों और आसपास के ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग कई गांवों को जोड़ता है और सिवनी जिले के धूमा तक आवागमन के लिए महत्वपूर्ण है, जिससे इस पर यातायात का दबाव भी अधिक रहता है।ग्रामीणों का कहना है कि डामर सड़क इस क्षेत्र में टिकाऊ साबित नहीं हो रही है, इसलिए गोटेगांव से लाठगांव होते हुए कुंडा तक सीसी रोड निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा जाना चाहिए। इससे न केवल सड़क की गुणवत्ता बेहतर होगी, बल्कि लोगों को बार-बार होने वाली परेशानी से भी राहत मिलेगी।ग्रामीण सत्य सिंह पटेल (मोनू) का कहना है कि सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। न तो ठेकेदार का कोई पता है और न ही विभाग द्वारा कोई मरम्मत कार्य किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की है।वहीं वाहन चालक शिवा कहार ने बताया कि सड़क लंबे समय से जर्जर हालत में है, जिससे वाहन चलाना जोखिम भरा हो गया है। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों से जल्द मरम्मत कार्य शुरू कराने की अपील की है।

## बायपास चौराहा गोटेगांव पर थाना पुलिस का सघन वाहन चेकिंग अभियान



**गोटेगांव।** थाना गोटेगांव पुलिस द्वारा नगर के बायपास चौराहा क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने मुख्य मार्ग से गुजरने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों को रोककर उनके दस्तावेजों की गहन जांच की।अभियान के दौरान ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन रजिस्ट्रेशन, बीमा एवं प्रदूषण प्रमाण पत्र (PUC) की जांच की गई। बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले दोपहिया चालकों और सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने वाले चारपहिया वाहन चालकों पर विशेष कार्रवाई करते हुए चालान काटे गए।पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी कि भविष्य में यातायात नियमों का पालन करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं नाबालिग वाहन चालकों को रोककर समझाइश दी गई और उनके परिजनों को भी सूचना देकर जागरूक किया गया।थाना प्रभारी ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। आने वाले समय में भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। अभियान के दौरान कुछ समय के लिए बायपास चौराहा क्षेत्र में वाहनों की कतारें भी देखने को मिलीं, लेकिन पुलिस द्वारा व्यवस्थित तरीके से जांच कर यातायात को सुचारू बनाए रखा गया। इस कार्रवाई से जहां नियमों का उल्लंघन करने वालों में हड़कंप मचा, वहीं जागरूक नागरिकों ने इसे सराहनीय पहल बताया।

## परशुराम जयंती आजः अक्षय तृतीया पर विवाहों की होगी धूम



**तेंदूखेड़ा**

सनातन परंपरा का महापर्व भगवन परशुराम जी का प्राकट्योत्सव इस वर्ष बैशाख शुक्ल पक्ष द्वितीया आज रविवार 19 अप्रैल को मनाया जाएगा। मान्यता के अनुसार विष्णु भगवान के अंशावतार श्री परशुराम भगवान का अवतार प्रदोष व्यापिनी तृतीया में हुआ था और वह योग आज रविवार को द्वितीया तिथि के समाप्त होने के बाद तृतीया को प्राप्त होगा।कल अक्षय तृतीया तिथि दोपहर पूर्व ही समाप्त हो जायेगी। पूर्वाह्न व्यापिनी शाकल्यपादिता तृतीया तिथि 20अप्रैल सोमवार को निर्विवाद रूप से प्राप्त होने से इसी दिन अक्षय तृतीया का पर्व मनाया जाएगा।हमारे क्षेत्र के विद्वान पौरोहित्य कर्मकांड स्नातक ज्योतिष शिरोमणि ज्योतिष रत्न पं प्रमोद पचौरी ने बताया कि अक्षय तृतीया को त्रेता युग की शुभारंभ तिथि युगादि तिथि के रूप में मनाया जाता है।इस दिन किया गये सत्कर्म पूजन पाठ जप हवन दान आदि का फल अक्षय हो जाता है।अक्षय तृतीया को सरत्नगर्भ कूष्माण्ड दान जलकुंभ छत्र व्यजन स्वर्ण वस्त्र आभूषण आदि के दान का विशेष महत्व होता है।इस दिन जातकर्म संस्कार नामकरण पुंसवन सीमंतोन्नयन अन्न प्राशन नव वस्त्र धारण वधु प्रवेश द्विरागमन हलप्रवहण आदि कृषि कार्य के मुहूर्त अग्न्याधान धान्यछेदन उपनयन संस्कार व्यापार वाहन क्रय विक्रय के अच्छे मुहुर्त के साथ खरमास के कारण विवाह आदि मांगलिक कार्यों में लगे विराम के बाद अक्षय तृतीया से पुनः शहनाईयों की गूंज के साथ विवाह प्रारम्भ हो जायेंगे। परम्परागत सिद्ध क्षेत्रों में आंवले के वृक्ष का पूजन कर मांगलिक गीतों के साथ परिक्रमा लगाई जायेगी।

### 22 अप्रैल को निकाली जाएगी विशाल शोभायात्रा

सर्व ब्राह्मण महासभा तहसील इकाई और नगर इकाई के बैनर तले महिला मंडल के साथ इस वर्ष जयंती महोत्सव को धूमधाम से मनाये जाने को लेकर वृहद स्तर पर तैयारी में जुटा हुआ है। गांव गांव जाकर समाज के हर वर्ग से संपर्क किया जा रहा है।मंगल भवन परिसर से एकत्रीकरण के उपरांत विशाल शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से शोभायात्रा के साथ कलश गार्डन में मंचीय कार्यक्रम के साथ समापन होगा।

## खबर संक्षेप

### विद्युत वितरण केंद्र अमरपुर में लगा समाधान योजना शिविर

अमरपुर। मध्य प्रदेश शासन की जनहितैषी समाधान योजना 2025-26 (द्वितीय चरण) के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अधीक्षण अभियंता डिंडोरी एवं कार्यपालन अभियंता डिंडोरी के निर्देशानुसार डिंडोरी संभाग अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्युत उपभोक्ताओं की लंबित समस्याओं का त्वरित निराकरण करना एवं अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को योजना का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा हैं। उक्त शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपभोक्ता उपस्थित हुए। जिन्होंने अपने बकाया विद्युत बिलों का निराकरण कराया। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मौके पर ही उपभोक्ताओं के प्रकरणों का परीक्षण कर उन्हें राहत प्रदान की गई। अनेक उपभोक्ताओं ने एकमुश्त भुगतान कर योजना का लाभ भी उठाया। वहीं पर कुछ उपभोक्ताओं ने किस्तों में भुगतान का विकल्प चुनते हुए अपने बकाया राशि का निराकरण कराया गया। आयोजित समाधान योजना में भुगतान के विकल्प तथा अंतिम तिथि 15 मई 2026 रखी गई हैं। इसके बारे में विद्युत उपभोक्ताओं को विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा विस्तार से बताया जा रहा हैं। इसके साथ ही आयोजित शिविर के दौरान अधिकारियों ने जानकारी दी कि समाधान योजना के अंतर्गत बकाया विद्युत बिलों पर 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक सरचार्ज में छूट प्रदान की जा रही हैं। एकमुश्त भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को अधिकतम लाभ मिल रहा हैं। जबकि वहीं पर आर्थिक रूप से कमजोर उपभोक्ताओं के लिए किस्तों में भुगतान की सुविधा भी विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई हैं।

### सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10 वीं में शौर्या बनी टॉपर



शहपुरा - सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 10वीं परीक्षा में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय धमनगांव की छात्रा कु. शौर्या साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 96.17 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। उनकी इस सफलता से विद्यालय एवं परिवार में खुशी का माहौल है। शौर्या की इस उपलब्धि के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, नियमित अध्ययन और शिक्षकों का मार्गदर्शन रहा है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखते हुए यह सफलता प्राप्त की, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है। विद्यालय के प्राचार्य हर्ष प्रताप सिंह ने शौर्या की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि शौर्या जैसी प्रतिभाशाली छात्राएं ही विद्यालय का नाम रोशन करती हैं।इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शौर्या एवं उनके माता-पिता—पिता प्रशांत साहू और माता श्रीमती संदीपा साहू—को बधाई देते हुए शौर्या के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार को उम्मीद है कि शौर्या भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र और देश का नाम रोशन करेंगी।

### स्व गणना से आसान होगी जनगणना प्रक्रिया नागरिकों से सहयोग की अपील



डिंडौरी ।भारत सरकार के निर्देशानुसार एक मई से 31 मई तक जनगणना कार्य संचालित किया जाएगा। इस दौरान नियुक्त प्रगणक प्रत्येक घर पहुंचकर आवश्यक जानकारी एकत्रित करेंगे। वर्तमान में जनगणना के प्रथम चरण के तहत मकानों का सूचीकरण किया जा रहा है जिसमें घर की स्थिति निर्माण का प्रकार कच्चा या पक्का फर्श की स्थिति और शौचालय की उपलब्धता जैसी जानकारी जुटाई जा रही है।प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्देश्य से 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्व गणना की सुविधा दी गई है। नागरिक स्वयं ऑनलाइन माध्यम से स्व गणना फॉर्म भर सकते हैं। इस फॉर्म में पूछे गए सरल प्रश्नों का उत्तर हां या नहीं में देकर कुछ ही मिनटों में जानकारी दर्ज की जा सकती है।स्व गणना का लाभ यह रहेगा कि एक मई से जब प्रगणक घर पहुंचेंगे तब नागरिकों की जानकारी पहले से ही उनके मोबाइल में उपलब्ध रहेगी। इससे समय की बचत होगी और पूरी प्रक्रिया बहुत कम समय में पूरी हो सकेगी।प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवधि में स्व गणना फॉर्म अवश्य भरें और जनगणना कार्य को सफल बनाने में सहयोग करें। जनगणना से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं तैयार की जाती हैं जिनका लाभ समाज के सभी वर्गों को मिलता है।

# जनभागीदारी से उमरिया में बना 80 बोरियों का बोरी बांध, जल संरक्षण की मिसाल



**शहपुरा**

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत विकासखंड समनापुर के ग्राम उमरिया में जनभागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला, जहां जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्रामीणों ने मिलकर खरमेर नदी में बोरी बांध का निर्माण किया।चयनित नवांकुर संस्था समाज कल्याण संस्थान मोहगांव (सेक्टर 05 बम्हनी) के तत्वाधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति उमरिया एवं ग्रामीणों के सहयोग से कलम सिंह के खेत के पास लगभग 80 बोरियों का बोरी बंधान तैयार किया गया।

इस पहल से क्षेत्र में जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और विशेष रूप से गांव के मवेशियों—गाय एवं बैलों—को स्वच्छ एवं पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही ग्रामीणों के लिए नहाने एवं अन्य दैनिक उपयोग के लिए भी पानी की व्यवस्था सुलभ होगी। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था प्रभारी रामकुमार मरकाम, सरपंच दिनेश कुमार व्याम, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष अंगद छुरे, सचिव भूपत सैयाम सहित ग्रामवासी कलम सिंह, प्रेम दास, लमिया बाई एवं अन्य ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही।ग्रामीणों ने बताया कि इस तरह के सामूहिक प्रयास न केवल जल संकट को दूर करने में सहायक हैं, बल्कि सामाजिक एकता और सहयोग की भावना को भी मजबूत करते हैं।



## प्रशासन की सक्रियता से ग्राम लुटगांव में स्व गणना कार्य ने पकड़ी रफ्तार

डिंडोरी ।जिले में राजस्व कार्यों को गति देने के लिए प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन और एसडीएम रामबाबू देवांगन के मार्गदर्शन में ग्राम लुटगांव में स्व गणना कार्य तेज गति से पूरा किया जा रहा है। नायब तहसीलदार सुश्री सुरभी सुलाखे के नेतृत्व में राजस्व अमले ने गांव में पहुंचकर मोर्चा संभाल लिया है और योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है।इस विशेष अभियान के तहत उपतहसील अमरपुर के सभी पटवारी राजस्व निरीक्षक अमरपुर और राजस्व निरीक्षक सक्का की संयुक्त टीम ने घर घर पहुंचकर आंकड़ों का संकलन किया। नायब तहसीलदार स्वयं मौके पर मौजूद रहीं और पूरे कार्य की सतत निगरानी करते हुए टीम का मार्गदर्शन किया जिससे कार्य में तेजी और सटीकता दोनों बनी रही।प्रशासन की मुस्तैदी का परिणाम है कि ग्राम लुटगांव में स्व गणना का कार्य पूर्णता की ओर पहुंच चुका है और लगभग शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। यह कार्य भविष्य की योजनाओं के निर्माण और राजस्व अभिलेखों की शुद्धता के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।गांव में प्रशासनिक अमले की सक्रिय उपस्थिति से ग्रामीणों में भी उत्साह देखा गया और उन्होंने स्व गणना कार्य में सहयोग किया। इस पहल से न केवल कार्य में गति आई बल्कि आम लोगों में शासन के प्रति विश्वास भी मजबूत हुआ है।एसडीएम रामबाबू देवांगन ने कहा कि कलेक्टर के निर्देशों के अनुरूप निर्धारित समय सीमा में त्रुटिरहित गणना पूर्ण करना प्राथमिकता है और पूरी टीम जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रही है।

# 84 लाख का स्टेडियम बना बदहाली की मिसाल



**शहपुरा**

में 84 लाख रुपये की लागत से बना आउटडोर स्टेडियम आज बदहाली की मिसाल बन गया है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा तैयार किया गया यह मैदान अब खिलाड़ियों के बजाय चोरों और कबाड़ियों के लिए कमाई का जरिया बन चुका है। लगभग 8 से 10 साल पहले बड़े दावों के साथ बनाए गए इस स्टेडियम की हालत अब बेहद खराब हो चुकी है। भवन की दीवारें टूट गई हैं और दरवाजे खिड़कियां गायब हैं। कई स्थानों पर अवैध तोड़फोड़ के निशान साफ दिखाई देते हैं।स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य शुरू से ही घटिया स्तर का किया गया था। इसी कारण कुछ ही वर्षों में स्टेडियम जर्जर हो गया। मैदान का समतलीकरण भी नहीं किया गया जिससे खिलाड़ी यहां अभ्यास नहीं कर पा रहे हैं।

क्षेत्र के युवाओं में इस स्थिति को लेकर भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि खेल सुविधाओं के नाम पर केवल कागजी योजनाएं बनाई गईं जबकि जमीनी स्तर पर कोई व्यवस्था नहीं है। स्टेडियम की खराब हालत के कारण प्रतिभाशाली खिलाड़ी अवसरों से वंचित हो रहे हैं।स्टेडियम परिसर अब चोरी और कबाड़खोरी का अड्डा बन चुका है। यहां लगे लोहे के गेट खिड़कियां और अन्य सामान चोरी हो चुके हैं। कबाड़ी शेष संरचना को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।इतनी बड़ी राशि खर्च होने के बावजूद स्टेडियम की यह हालत प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करती है। अब सवाल उठ रहा है कि 84 लाख रुपये का हिसाब कौन देगा।स्थानीय नागरिकों और खिलाड़ियों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और स्टेडियम का पुनर्निर्माण कर उसे फिर से खिलाड़ियों के उपयोग के लायक बनाया जाए।

# मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह, झगरेहठा स्कूल में प्रतिभाओं का हुआ गौरवगान

**शहपुरा**



विकासखंड शहपुरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झगरेहठा में मेधावी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों के सम्मान में गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई।

कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में तितरा सिंह मसराम ने 500 में से 416 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुमारी चंद्रकली परस्ते ने 398 अंकों के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि कुमारी मिथिलेश धुर्वे ने 390 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 10वीं में कुमारी रानू पांडे ने 500 में से 469 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। धर्मेंद्र सिंह परस्ते ने 448 अंकों के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया। कुमारी अनुश्री पांडे ने 447 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुमारी रुक्मणी परस्ते ने भी 447 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष विद्यार्थियों में स्थान बनाया। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच सुरेंद्र सिंह परस्ते की विशेष उपस्थिति रही। उनके साथ विद्यालय के शिक्षकगण एवं गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। इस दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों का भी सम्मान किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनके परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा लेते हुए बेहतर प्रदर्शन करने का संदेश दिया।विद्यालय में आयोजित इस सम्मान समारोह ने शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल तैयार किया और विद्यार्थियों में आगे बढ़ने का उत्साह भर दिया।

# शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल शहपुरा का उत्कृष्ट परिणाम



**शहपुरा।**

शहपुरा के शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल ने सत्र 2025 26 के वार्षिक परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचय दिया है। विद्यालय ने कक्षा 10वीं और 12वीं दोनों में शत प्रतिशत परिणाम दर्ज कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। इस वर्ष अधिकांश विद्यार्थियों ने 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक अंक प्राप्त किए जो उनकी मेहनत और बेहतर शिक्षा व्यवस्था को दर्शाता है। यह परिणाम साबित करता है कि सरकारी स्कूलों में भी अनुशासन और गुणवत्ता के साथ उत्कृष्ट सफलता हासिल की जा सकती है।कक्षा 10वीं में कुल 63 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए और सभी सफल रहे। इनमें 70 से 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले 40 विद्यार्थी रहे जबकि 50 से 69 प्रतिशत अंक पाने वाले 23 विद्यार्थी रहे। किसी भी विद्यार्थी ने 50 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त नहीं किए। इस परिणाम से स्पष्ट है कि अधिकांश विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की।

कक्षा 12वीं में कुल 78 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए और सभी सफल घोषित हुए। इनमें 70 से 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले 28 विद्यार्थी रहे जबकि 50 से 69 प्रतिशत अंक पाने वाले 50 विद्यार्थी रहे। इस कक्षा में भी किसी विद्यार्थी के अंक 50 प्रतिशत से कम नहीं रहे।

विद्यालय के उत्कृष्ट परिणाम के पीछे शिक्षकों की मेहनत विद्यार्थियों का अनुशासन और अभिभावकों का सहयोग प्रमुख कारण रहा। विद्यालय में अनुकूल अध्ययन वातावरण नियमित शैक्षणिक गतिविधियां और सतत मूल्यांकन प्रणाली ने विद्यार्थियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।विद्यालय के प्राचार्य श्री वेदप्रकाश साहू यू एम टी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी और भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय के इस शानदार परिणाम से पूरे शहपुरा क्षेत्र में खुशी का माहौल है। अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों ने इसे प्रेरणादायक उपलब्धि बताते हुए विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों की सराहना की है। यह परिणाम न केवल विद्यार्थियों की सफलता की कहानी है बल्कि सरकारी शिक्षा व्यवस्था की मजबूती का भी प्रमाण है।

# उद्यानिकी विभाग की समीक्षा बैठक में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश



**डिंडौरी ।**

शनिवार को कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्टर सभाकक्ष में उद्यानिकी विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल संचय भागीदारी 2.0 अभियान जल गंगा संवर्धन और प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना के अंतर्गत संचालित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में उद्यानिकी विभाग और कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इसमें उद्यानिकी अधिकारी श्री आर के सैयाम सहायक संचालक सुश्री अभिलाषा चौरसिया सुश्री नेहा धूरिया तथा सभी विकासखंडों के आरएचईओ सहित विभागीय अमला मौजूद रहा।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जल संचय भागीदारी 2.0 अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों के फोटो नियमित रूप से पोर्टल पर अपलोड किए जाएं। प्रत्येक आरएचईओ को 100 फोटो अपलोड करने तथा प्रति सप्ताह 1000 जियो टैग युक्त फोटो आईएसए सीटीआर पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करने को कहा गया।

नर्सरी में पौध उत्पादन और वितरण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन कार्य विभाजन और विभागीय लक्ष्यों की पूर्ति पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही जल गंगा संवर्धन के अंतर्गत जल संरक्षण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए।प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना के तहत 25 अप्रैल 2026 तक हितग्राहियों की सूची तैयार करने को कहा गया जिसमें यह उल्लेख होगा कि संबंधित हितग्राही को विभिन्न विभागों से किन योजनाओं का लाभ मिला है।

कलेक्टर ने ड्रिप सिंचाई बॉटल और मटके के माध्यम से बूंद बूंद सिंचाई शेडनेट तालाब और थाला निर्माण जैसे कार्यों के फोटो अनिवार्य रूप से अपलोड करने के निर्देश दिए ताकि योजनाओं की प्रगति का सही मूल्यांकन किया जा सके।बैठक में सभी अधिकारियों को शासन की योजनाओं का समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर परिषद शहपुरा में प्याऊ का शुभारंभ



**शहपुरा** ।शहपुरा में भीषण गर्मी को देखते हुए नगर परिषद द्वारा जनहित में सराहनीय पहल की गई है। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत राहगीरों और आम नागरिकों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था हेतु नि शुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालनी अरुण अग्रवाल और मुख्य नगर पालिका अधिकारी रीना सिंह राठौर की उपस्थिति रही।इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद अनूप गुप्ता वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद भजनदास चक्रवर्ती और वार्ड क्रमांक 06 के पार्षद संतोष झरिया प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इसके साथ ही वंदना कच्छवाहा मधु तिवारी और नगर परिषद के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। अभियान का उद्देश्य जल स्त्रोतों का संरक्षण और उनका पुनरुद्धार करना है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान के तहत लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि भीषण गर्मी में राहगीरों को शुद्ध और ठंडा पानी उपलब्ध कराना मानव सेवा का महत्वपूर्ण कार्य है। इस अवसर पर नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।नगर परिषद की इस पहल की स्थानीय नागरिकों ने सराहना की है। अब बाजार और मुख्य मार्गों से गुजरने वाले लोगों को शीतल पेयजल के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।

# मां शिशु संवाद और खेल आधारित शिक्षण से पोषण पखवाड़ा गतिविधि आयोजित

**डिंडौरी ।**



जिले में कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में आंगनवाड़ी केंद्रों पर 8वें पोषण पखवाड़ा के तहत 18 अप्रैल को विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया। 9 से 23 अप्रैल तक चल रहे इस अभियान के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र धौरई में मां शिशु संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में माताओं को बच्चों के साथ संवाद बढ़ाने और उनके मानसिक तथा भाषा विकास को प्रोत्साहित करने के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही खेल के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को प्रदर्शित किया गया जिससे बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा मिल सके। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहानी सुनाने की गतिविधि भी कराई जिससे बच्चों में भाषा कौशल और कल्पनाशक्ति का विकास हो सके। इस दौरान माताओं को बताया गया कि नियमित संवाद खेल और कहानी सुनाना बच्चों के प्रारंभिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में माताएं और बच्चे शामिल हुए और सभी ने उत्साह के साथ सहभागिता की। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी सेक्टर पर्यवेक्षक रयपुरा कमला मेरावी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका उपस्थित रहीं।